फर्जी दस्तावेज मिलने पर प्रवेश होगा रद्द, सीईटी सेल का निर्देश, कानूनी कार्रवाई भी होगी

नागपुर, महानगर संवाददाता. इन दिनों इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट सहित विभिन्न व्यावसायिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया चल रही है. इस प्रक्रिया के दौरान जांच या सत्यापन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज गलत, झूठे, फर्जी अथवा भ्रामक पाए जाने पर संबंधित विद्यार्थी का प्रवेश तत्काल रद्द कर दिया जाएगा. साथ ही संबंधित विद्यार्थी के खिलाफ प्रचलित नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी. यह स्पष्ट निर्देश सीईटी सेल की ओर से जारी किया गया है. केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन करते समय अनाथ, रक्षा दल, दिव्यांग, अल्पसंख्यक सहित विभिन्न आरक्षण श्रेणियों का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए हैं. इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर महाविद्यालयों में सीटों का आवंटन किया जा रहा है. आरक्षण का लाभ लेने के लिए प्रस्तुत दस्तावेज जांच के दौरान या किसी भी स्तर पर सत्यापन में गलत, झूठे, फर्जी अथवा भ्रामक पाए जाने पर विद्यार्थी का प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा. वहीं प्रवेश देने वाली संस्थाओं को सीट आवंटित विद्यार्थियों के सभी मूल दस्तावेजों का प्रत्यक्ष सत्यापन करने के बाद ही प्रवेश निश्चित करने का निर्देश सीईटी सेल ने दिया है. दस्तावेजों का उचित सत्यापन किए बिना प्रवेश निश्चित किए जाने की बात सामने आने पर संबंधित संस्था के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

नीट विवाद के बाद अब मेडिकल सीटों के लिए 'जंग

एआई कोटा से शुरुआत, राज्य कोटे का इंतजार

नागपुर, महानगर संवाददाता. राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश का कार्यक्रम जारी कर दिया है. इसके अनुसार अखिल भारतीय कोटा(एआई),

13,099 एमबीबीएस की सीटें
6,000 के करीब सरकारी सीटें
7,000 से ज्यादा प्राइवेट सीटें

डीम्ड विश्वविद्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए काउंसलिंग का राउंड बुधवार से शुरू हो गया. यह राउंड 22 अगस्त तक चलेगा. वहीं राज्य कोटे के तहत प्रवेश प्रक्रिया 13 अगस्त से शुरू होने की उम्मीद है. हर बार की तरह ही इस बार प्रवेश के लिए तगड़ी स्पर्धा होगी. पेपर लीक मामले के बाद नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा आयोजित किए जाने के कारण इस वर्ष मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया पिछले वर्ष की तुलना में 16 दिन देरी से शुरू हुई है. अखिल भारतीय कोटा, डीम्ड विश्वविद्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए पहली काउंसलिंग के लिए 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन कर शुल्क जमा करना है. 6 से 13 अगस्त के दौरान पसंदीदा कॉलेजों का विकल्प भरकर आवेदन निश्चित करना होगा. 17 अगस्त को मेरिट सूची जारी की जाएगी. इसके बाद 18 से 22 अगस्त के बीच विद्यार्थियों को संबंधित कॉलेज में प्रत्यक्ष जाकर प्रवेश लेना होगा. अखिल भारतीय कोटे की दूसरी काउंसलिंग 24 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित की जाएगी. इस राउंड में आवंटित विद्यार्थियों को 3 से 8 सितंबर के बीच संबंधित मेडिकल कॉलेज में जाकर प्रवेश लेना होगा. तीसरी काउंसलिंग 11 से 26 सितंबर तक चलेगी, जबकि विद्यार्थियों को 19 से 26 सितंबर के बीच कॉलेज में प्रवेश लेना होगा.

राज्य कोटे की पहली फेरी 13 अगस्त से

राज्य कोटे के तहत मेडिकल प्रवेश की पहली काउंसलिंग फेरी 13 से 28 अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी. यह तिथि संभावित है. ?इसमें बदलाव भी हो सकता है. इस राउंड में आवंटित विद्यार्थियों को 28 अगस्त तक संबंधित कॉलेज में प्रत्यक्ष जाकर प्रवेश लेना होगा. दूसरा राउंड 31 अगस्त से 14 सितंबर और तीसरा 16 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा. फिलहाल विद्यार्थियों की नजर राज्य कोटे की प्रक्रिया की ओर लगी हुई है. अधिकांश विद्यार्थी राज्य कोटे से ही प्रवेश लेते हैं.

सीटों में बढ़ोतरी

महाराष्ट्र में एमबीबीएस की लगभग 13,099 सीटें उपलब्ध हैं. इनमें सरकारी मेडिकल कॉलेजों के पास लगभग 6,000 से 6,075 सीटें और प्राइवेट व डीम्ड मेडिकल कॉलेजों के पास लगभग 7,024 से 7,099 सीटें हैं. (सीटों में बदलाव हो सकता है) वहीं कुल सरकारी कॉलेज 43 हैं. इनमें एम्स नागपुर, एएफएमसी पुणे और ईएसआईसी का समावेश है. अखिल भारतीय कोटा के तहत 15 फीसदी सीटें यानी 910 सीटें एमसीसी काउंसलिंग द्वारा भरी जाएंगी, जबकि राज्य कोटा के तहत 85 ?फीसदी यानी 5,165 सीटें महाराष्ट्र के मूल निवासी/डोमिसाइल छात्रों के लिए आरक्षित हैं. गत वर्ष की तुलना में इस बार सीटों में बढ़ोतरी नजर आ रही है. इससे अधिकाधिक छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना साकार हो सकता है.

ट्रेन में पकड़ा प्रतिबंधित तंबाखु, एक अरेस्ट

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. लोहमार्ग पुलिस नागपुर द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ट्रेन 12160 जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक यात्री को अरेस्ट कर उसके पास से 30,880 रुपये का प्रतिबंधित सुगंधित तंबाखु जब्त किया. गिरफ्तार आरोपी का नाम पुलगांव निवासी श्यामलाल मुलचंद आहुजा (57) बताया गया. जानकारी के अनुसार, ट्रेन सुबह करीब 6 बजे प्लेटफार्म 2 पर पहुंची. इससे पहले जीआरपी के कांस्टेबल मोगरे को सूचना मिली थी कि ट्रेन के जनरल कोच में काले शर्ट पहने एक यात्री के पास बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित तंबाखु लेकर जा रहा है. ट्रेन के आते ही तलाशी शुरू की गई तो पिछले जनरल कोच में काले शर्ट पहने श्यामलाल नजर आया. उसे ट्रेन से उतारकर उसके पास मिले दोनों थैलों में कुल 31 पैकेट पाये गये. फूड एंड ड्रग विभाग के संबंधित अधिकारी ने इन पैकेटों में सुगंधित तंबाखु की पुष्टि के बाद सारा माल जब्त कर श्यामलाल को अरेस्ट कर लिया गया. जब्त माल की कीमत 30,880 रुपये बताई गई. जीआरपी ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी.

निर्माणकार्य महिला श्रमिकों को 25 हजार की मदद

पंजीकृत श्रमिकों के लिए 'प्रसूति सहायता योजना' फिर शुरू

नागपुर, महानगर संवाददाता. महाराष्ट्र इमारत एवं अन्य निर्माणकार्य श्रमिक कल्याणकारी मंडल की ओर से पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों के लिए 'प्रसूति सहायता योजना?' फिर से शुरू की गई है. योजना के तहत सहायता राशि में भी बढ़ोतरी की गई है. अब प्रसूति नॉर्मल हो या सिजेरियन, पात्र महिला निर्माण श्रमिक को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी.

महिला निर्माण श्रमिकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संशोधित प्रसूति सहायता योजना लागू की गई है. इसके तहत पात्र लाभार्थियों को प्रसूति के लिए बढ़ी हुई आर्थिक सहायता मिलेगी. इस योजना से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है. योजना के तहत नॉर्मल और सिजेरियन, दोनों प्रकार की प्रसूति के लिए समान रूप से 25 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी. इससे पहले मिलने वाली सहायता राशि की तुलना में यह राशि बढ़ाई गई है.

- प्रसूति के एक वर्ष के भीतर करना होगा आवेदन

संबंधित विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रसूति सहायता योजना का लाभ लेने के लिए प्रसूति होने के एक वर्ष के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है. निर्धारित अवधि में आवेदन नहीं करने पर योजना का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है. नागपुर जिले में 25 हजार से अधिक पंजीकृत निर्माणकार्य महिला श्रमिक हैं. संशोधित प्रसूति सहायता योजना के तहत पात्र महिलाओं को इसका लाभ मिल सकेगा. यह योजना केवल पहले दो जीवित बच्चों की प्रसूति के लिए लागू होगी. साथ ही लाभार्थी महिला का निर्माण श्रमिक मंडल में वैध पंजीकरण होना आवश्यक है. आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज

योजना का लाभ लेने के लिए निर्माण श्रमिक मंडल का पंजीयन कार्ड व रसीद, कम से कम 20 दिन काम करने का प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, अस्पताल का प्रसूति डिस्चार्ज कार्ड अथवा जन्म प्रमाणपत्र, दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा दो से अधिक संतान नहीं होने संबंधी शपथपत्र आवश्यक है.

एक नजर में

औद्योगिक क्षेत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम चोरडोंगरी पहुंचकर माइक्रो स्मॉल इंटरप्राइजेज क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत निर्माणाधीन औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा औद्योगिक विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र तक पहुंचने के लिए काफी समय से लंबित एप्रोच रोड की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के इच्छुक निवेशकों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धीरज मंडलेकर, जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

13 अगस्त को होगा मेगा स्वैच्छिक रक्तदान अभियान

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम बैतूल में 13 अगस्त 2026 को रक्तांजलि-एक रक्तदान, राष्ट्र के नाम अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों से अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें तथा संलग्न गूगल फॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में उनका पंजीयन कराएं।

मेंटनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 6 अगस्त को मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 केव्ही सदर फीडर की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 के प्रबंधक ने बताया कि गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सदर सब स्टेशन के एमपीईबी कॉलोनी, अग्निहोत्री कॉलोनी, सतपाल आश्रम, प्रताप वार्ड, सुपर किराना, सिंडिकेट बैंक, एसबीआई बैंक, गेंदा चौक, ब्रह्माकुमारी आश्रम, मानस नगर, आईटीआई, एफसीआई गोदाम, विनायक रेजिडेंसी आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

हर्षोल्लास से मनाया जाएगा आदिवासी दिवस,आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,5 अगस्त, विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को हर्षोउल्लास तथा शांति पूर्वक मनाने को लेकर बुधवार को नगर के पुलिस थाना में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें विभागीय अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय विधायक तथा समाज के प्रमुख समाजेवी उपस्थित थे,जिन्होंने कार्यक्रम आयोजन के संदर्भ में बताने पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को शांति पूर्वक मनाने की अपील की है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर

होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर नगर के पुलिस थाना में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके,गोंड समाज महासभा के अध्यक्ष किसनू कवरेती,सरपंच संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार धुर्वे,सरपंच सुरेंद्र वाडिवा,संगीता धुर्वे,आदि समाज अनुयायियों के साथ ही एसडीएम अलका एक्का,एसडीओपी ब्रजेश भार्गव उपस्थित थे,जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई,वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा समाज के अनुयायियों से शांति पूर्वक सभी सामाजिक कार्यक्रम कराने की अपील की है।

ग्रीन मुलताई समिति ने उपजेल में किया पौधारोपण

मुलताई। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीन मुलताई समिति ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपजेल परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया। उपजेल परिसर में आयोजित इस विशेष अभियान का नेतृत्व जेलर दिनेश डांगी ने किया, जिसमें समिति के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य एमके वर्मा,अतुल बारंगे, आरके मालवीय, प्रो कमलेश सरिया, दीपेश बोथरा, सुनेंद्र देशमुख, निलेश बोबड़े, पवन पाटेकर तथा सौरभ,गगन, सहित चिंटू खन्ना द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान परिसर की सुंदरता और उपयोगिता को ध्यान में रखते

हुए बडिंग तकनीक से तैयार उन्नत प्रजाति के आम जैसे गाजरा, लंगड़ा, नीलम और दशहरी सहित परिसर को छायादार और आकर्षक बनाने के लिए गुलमोहर के पौधे लगाए गए। पौधों रोपण के बाद उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समिति की ओर से सभी पौधों के लिए ट्री-गार्ड की विशेष व्यवस्था भी की गई है,जिससे सुरक्षित रूप से फल-फूल सकें। ग्रीन मुलताई समिति केवल शहर तक सीमित न रहकर प्रतिवर्षानुसार मां ताप्ती नदी के तटीय ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक पौधारोपण अभियान चला रही है।

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने बिछुआ में ग्रामीणों से किया संवाद

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को सारणी पहुंचकर ग्राम पंचायत शोभापुर के ग्राम बिछुआ में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने पुनर्वास के बाद भूमि के पट्टे नहीं मिलने, ग्राम से शहर तक सड़क के अभाव तथा पेयजल की खराब गुणवत्ता जैसी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को अब तक पट्टे प्राप्त नहीं हुए हैं, उनकी सूची के अनुसार पुनर्वास के तत्कालीन प्रावधानों के अनुरूप जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पात्र लोगों के दस्तावेज संबंधी समस्याओं का भी त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। ग्राम से शहर तक सड़क नहीं होने की समस्या पर उन्होंने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारियों को वन विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। पेयजल समस्या के समाधान के लिए शोभापुर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा क्षतिग्रस्त बांध के पुनर्निर्माण के निर्देश जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के सहायक यंत्री को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक ने विकास शुल्क जमा कराने के दिये निर्देश

मुलताई। नगर में स्थित अवैध कालोनियों से विकास शुल्क जमा कराकर अवैध कालोनियों को वैध कर विकास कार्य कराने के निर्देश विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने सीएमओ वीरेंद्र तिवारी को दिए है। बुधवार की शाम करीब साढे 4 बजे विधायक चंद्रशेखर देशमुख अचानक नगरपालिका पहुंचे एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार एवं सीएमओ वीरेंद्र तिवारी से नगर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, प्रहलाद सिंह ठाकुर, पार्षद महेंद्र जैन, अजय यादव, रितेश विश्वकर्मा, सुरेश पौनीकर,एल्डरमेन निलेश चावरिया भी उपस्थित थे।

नगरपालिका में कर्मचारियों को वेतन नही मिलने की बात पर विधायक श्री देशमुख ने प्रतिमाह कर्मचारियों को वेतन दिए जाने के निर्देश दिए है। जिस पर सीएमओ तिवारी ने बताया की आज ही कर्मचारियों का एक माह का वेतन बैंक में डाला गया है।विधायक श्री देशमुख ने पवित्र नगरी से मटन मार्केट की दुकानों का स्थान परिवर्तन करने के निर्देश दिए। इस दौरान नागपुर नाके पर स्थित नगरपालिका की 2 दुकानों को जर्जर घोषित कराकर उन्हें डिसमेंटल कर नई दूकान बनाने के संबंध में चर्चा की।

शासन का अपनी मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने आज पांढुरना के पटवारी करेंगे रक्तदान

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,5 अगस्त, अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर धरने पर बैठे पांढुरना जिले पटवारी 6 अगस्त को रक्तदान करेंगे, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद आमने द्वारा हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया कि वर्षों से मध्य प्रदेश के पटवारी अपनी लंबित जायज मांगों को लेकर शासन से शांतिपूर्वक मांग कर रहें है,लेकिन आज तक सरकार द्वारा पटवारियों की मांगों को नहीं मानने के कारण मजबूर बीते प्रांतीय पटवारी संघ के आव्हान पर मध्य प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना जिले के पटवारियों द्वारा काम बंद हड़ताल करने हेतु बीते 3 अगस्त से धरना आंदोलन कर रहें है। वहीं शासन का पटवारियों की इन मांगों की और ध्यान आकृष्ट कराने पांढुरना पटवारी संघ द्वारा 6 अगस्त को इस शांतिप्रिय आंदोलन के तहत आंदोलन स्थल तहसील कार्यालय परिसर में सभी पटवारी रक्त दान करेंगे,श्री आमने द्वारा बताया कि पटवारी संघ के आवेदन पर जिला चिकित्सालय विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया है,जहां पटवारी रक्तदान करेंगे।

वैदिक यज्ञ के साथ आंवला-जामुन के पौधे रोपे

बैतूल। आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जड़ी-बूटी महोत्सव के तहत भारत स्वाभिमान न्यास, बैतूल ने प्रेमगढ़ पहाड़ी कोसमी स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में औषधीय वैदिक यज्ञ, वृक्षारोपण और औषधीय पौधों के वितरण का आयोजन किया। इसके बाद प्रेमगढ़ पहाड़ी पर आंवला और जामुन के पौधे लगाए गए तथा उपस्थित लोगों को गिलोय का वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने औषधीय पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी

सुनील कुबड़े ने आचार्य बालकृष्ण के आयुर्वेद क्षेत्र में योगदान और उनके जड़ी-बूटी संबंधी साहित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औषधीय पौधों का संरक्षण स्वस्थ समाज और स्वस्थ भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी नवनीत वर्मा ने औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग की जानकारी दी, जबकि पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी हितेश पटेल ने प्रत्येक परिवार से कम से कम एक औषधीय पौधा लगाने और उसके संरक्षण का आग्रह किया।

स्कूल के बच्चों ने ली नगरपालिका के कार्यों की जानकारी

सारनी। पीएलएस स्कूल के बच्चो ने नगर पालिका पहुंचकर नपा के कामकाज की जानकारी ली। नपा कैसे चलती है, बच्चो के सवालों ने सबको प्रभावित किया है। बच्चों ने किताबों में पढ़ी गई बातो को अपनी आंखों के सामने हकीकत में देखीं, तो उनके चेहरे पर उत्साह और मन में नई जिज्ञासाओं की चमक साफ दिखाई दी। ग्राम पंचायत सुखाढाना स्थित पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल के लगभग 200 विद्यार्थियों ने नगरपालिका परिषद सारनी एवं जल आवर्धन योजना के अंतर्गत संचालित वाटर प्यूरीफिकेशन प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को प्रशासनिक व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की पूरी प्रक्रिया से व्यवहारिक रूप से परिचित कराना था। नगरपालिका पहुंचते ही बच्चों के मन में सवालों की झड़ी लग गई। उन्होंने उत्सुकता के साथ पूछा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र कैसे बनाए जाते हैं, चुनाव के दौरान मतदाता सूची कैसे तैयार होती है। निर्वाचन प्रक्रिया किस प्रकार संचालित होती है, नगर पालिका अध्यक्ष की क्या जिम्मेदारियां होती हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूरे नगर के विभिन्न विभागों का संचालन और शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन किस तरह सुनिश्चित करते हैं।नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बच्चों के हर प्रश्न का सरल और रोचक भाषा में उत्तर दिया। विद्यार्थियों ने अलग-अलग विभागों का निरीक्षण कर जाना कि नागरिकों की छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जाता है। और प्रशासनिक कार्य किस अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित होते हैं। बच्चों ने कार्यालयीन अभिलेखों, दस्तावेजों और विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली को भी करीब से देखा।

पत्रकारवार्ता | प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

जल्द ही शुरू होगा एनएसयूआई का निशुल्क सदस्यता अभियान

बैतूल। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा छात्र संघ चुनाव कराए जाने के संबंध में दिए गए आदेश के बाद एनएसयूआई बैतूल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर प्रदेश सरकार से छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रोहन सिंह ठाकुर ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की पहली पाठशाला हैं और छात्रों को अपने प्रतिनिधि सीधे चुनने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि लिंगदोह समिति की अनुशंसाओं का पालन करते हुए प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में शीघ्र छात्र संघ चुनाव की तिथि

घोषित की जाए तथा चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाए जिसको लेकर एनएसयूआई द्वारा निशुल्क सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और छात्रों को संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने वाला कोई निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि नहीं है। इससे छात्रों की आवाज दब रही है और महाविद्यालयों में लोकतांत्रिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार छात्र हितों की अनदेखी करती है और प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराने में देरी करती है, तो एनएसयूआई प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

उन्होंने सरकार से जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित करने और छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकार प्रदान करने की मांग की। एनएसयूआई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर ने एबीवीपी के द्वारा जिले में लगातार की जा रही गुंडागर्दी को लेकर चिंता जताई है और आरोप लगाया है कि एबीवीपी कार्यकर्ता आए दिन कॉलेज में घुसकर छात्रों और शिक्षकों के साथ अभद्रता कर रहे हैं,एनएसयूआई उन सभी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग करते है जो कॉलेज का माहौल ख़राब कर रहे है। जिलाध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि एबीवीपी शासकीय और निजी स्कूलों में जबरदस्ती घुस कर बच्चों से शुल्क वसूल रही है और छात्रो को अपना सदस्य बना रही है जबकि स्कूलों में राजनैतिक गतिविधिया प्रतिबंधित होती है उसके बावजूद स्कूल प्रशासन उनकी मदद कर रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे, जिला महासचिव मोनू बडोनिया, दानिश पारेख, मोहसिन ख़ान, एनएसयूआई के रामकुमार नागवंशी, नितिन बिस्वास, आसिफ़ अंसारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवप्रवेशित और वरिष्ठ विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

बैतूल। आठनेर के प्रतिष्ठित पंडित द्वारिकादास महाविद्यालय (पीडी कॉलेज) आठनेर में दीक्षारम्भ एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नवप्रवेशित और वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह महाविद्यालय के संचालक आनंद राठौर एवं प्राचार्य डॉ. ऋतु चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. ऋतु चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार स्तंभ साबित होगा। वहीं वरिष्ठ विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय से मिले संस्कार उन्हें समाज में दैदीप्यमान सूर्य की तरह प्रकाशवान बनाए रखेंगे। जंतुविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो.

सी.एल. निरापुरे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की 25 वर्ष की गौरवशाली परंपरा से परिचित कराया तथा वरिष्ठ विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एस.आर. घोरसे ने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की जानकारी देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं एवं करियर को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रो. सत्येंद्र बोरबन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की आदर्श संहिता से अवगत कराया तथा वरिष्ठ विद्यार्थियों को समाज कल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने अनुभव नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ साझा किए।